# भारत-ASEAN संबंधों पर 10 सूत्री योजना

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने लाओस के वियनतियाने में **21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन 2024** में **10 सूत्री योजना** की घोषणा की।

- उन्होंने **44वें आसियान शिखर सम्मेलन** (जिसका विषय था **ASEAN: कनेक्टिविटी और लचीलापन बढ़ाना')** तथा **19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।**
- **वर्ष 2024 में भारत की एक्ट ईस्ट नीति** ( जिसकी घोषणा **वर्ष 2014 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र** में व्यापार, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के संदर्भ में **भारत-आसियान संबंधों को** मज़बूत करने के लिये की गई थी) **के 10 वर्ष** भी पूरे हुए हैं।

## 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन 2024 के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **आसियान और भारत अवलोकन:** आसियान और भारत की संयुक्त रूप से **विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 7% तथा वैश्विक जनसंख्या में 26% की हिस्सेदारी है।**
- **उभरती प्रौद्योगिकियाँ:** भारत और आसियान ने **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)**, **ब्लॉकचेन**, **इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)**, **रोबोटिक्स**, **क्वांटम कंप्यूटिंग और 6-G तकनीक पर सहयोग** करने पर सहमति व्यक्त की।
- **डिजिटल परिवर्तन: उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढाँचे**, **फिनटेक और साइबर सुरक्षा** को कवर करते हुए **डिजिटल परिवर्तन को** आगे बढ़ाने पर संयुक्त प्रस्ताव रखा।
  - **भारत, आधार और UPI जैसे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे** में अपनी विशेषज्ञता **आसियान देशों** के साथ साझा करेगा।
- **आसियान-भारत व्यापार वृद्धि:** पिछले दस वर्षों में **भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक हो गया है।
  - हालाँकि, आसियान के साथ **भारत का व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2013 के 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर **44 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।**
  - भारत, आसियान का **छठा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है** और **आसियान वार्ता साझेदारों में FDI का आठवाँ सबसे बड़ा स्रोत है।**
- **स्थानीय मुद्रा में व्यापार:** कुछ आसियान देशों और भारत ने **स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करना शुरू कर दिया है** , जिसमें **मलेशिया** अग्रणी है तथा अन्य आसियान देशों से भी इसका अनुसरण करने की उम्मीद है।
- **निवेश प्रवाह:** भारत और आसियान की **वैश्विक मूल्य शृंखला (GVC)** में वृद्धि हुई, जिसमें वर्ष **2000 से 2023 तक कुल निवेश 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है।**
- **वित्तीय एकीकरण:** जून 2024 में **भारतीय रिज़र्व बैंक आधिकारिक** तौर पर आसियान के साथ **प्रोजेक्ट नेक्सस में शामिल हो गया, जो भारत के यूपीआई** और **सिंगापुर की पेनाउ** प्रणाली के बीच **वास्तविक समय में सीमा पार लेनदेन को सक्षम बनाता है।**
- **क्षेत्रीय सुरक्षा: दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिये आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को** बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की, जो **भारत-प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण (AOIP)** के अनुरूप है और **भारत की एक्ट ईस्ट नीति (AEP) द्वारा समर्थित है।**
- **दक्षिण चीन सागर के लिये आचार संहिता: दोनों ने दक्षिण चीन सागर** में **पक्षों के आचरण पर घोषणा (DOC)** के पूर्ण कार्यान्वयन का समर्थन किया और **UNCLOS वर्ष 1982** के अनुरूप एक प्रभावी **आचार संहिता (COC) का आह्वान किया।**
- **रक्षा और सुरक्षा सहयोग:** दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास और नौसैनिक बंदरगाहों पर कॉल के माध्यम से **समुद्री सुरक्षा,** आतंकवाद-रोधी, **साइबर सुरक्षा आदि सुनिश्चित करने पर सहमत हुए। उदाहरण के लिये आसियान भारत समुद्री अभ्यास**।

**नोट:** भारत के प्रधानमंत्री ने वर्ष **2023 में भारत-आसियान आर्थिक संबंधों को** बढ़ावा देने के लिये ज़कार्ता में **12-सूत्री एजेंडे की घोषणा की,** जिसमें इस साझेदारी के लिये भारत की सुदृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

## आसियान सहयोग के लिये भारत की 10 सूत्री योजना क्या है?

- **आसियान-भारत पर्यटन वर्ष 2025: भारत** संयुक्त पर्यटन गतिविधियों के लिये **5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का** योगदान देगा।
- **एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का योगदान: युवा शिखर सम्मेलन, स्टार्ट-अप महोत्सव, हैकाथॉन,** संगीत महोत्सव और थिंक टैंक पहल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।
- **महिला वैज्ञानिक सम्मेलन**: महिला वैज्ञानिकों के लिये एक सम्मेलन के माध्यम से आसियान-भारत विज्ञान सहयोग।
- **शैक्षिक छात्रवृत्तियाँ**: [नालंदा विश्वविद्यालय की](#) छात्रवृत्तियों को दोगुना करना तथा भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों में आसियान छात्रों के लिये नई छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना।
- **व्यापार समझौते की समीक्षा**: **आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की वर्ष** 2025 तक समीक्षा की जाएगी।
- **आपदा में लचीलापन: भारत आसियान की आपदा में लचीलेपन को** मज़बूत करने के लिये 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा।
- **स्वास्थ्य मंत्रियों का ट्रैक**: स्वास्थ्य को लचीलापन बनाने के लिये आसियान और भारतीय स्वास्थ्य मंत्रियों के बीच नियमित संवाद।
- **साइबर नीति वार्ता**: **डिजिटल और साइबर संबंधी लचीलेपन के लिये आसियान-भारत वार्ता की स्थापना।**
- **हरित हाइड्रोजन कार्यशाला**: [हरित हाइड्रोजन](#) कार्यशाला के माध्यम से आसियान के ऊर्जा परिवर्तन को समर्थन प्रदान करना।
- **जलवायु लचीलापन पहल**: आसियान नेताओं को भारत के **"** [**माँ के लिये एक पेड़ लगाओ**](#)**"** अभियान में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया।

//



## UPSC सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष के प्रश्न (PYQs)

***????????? ???????***

**प्रश्न: नम्निलखिति देशों पर वचािर कीजयि: (2018)**

1. ऑस्ट्रेलयिा
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. यू.एस.ए.

**उपर्युक्त में से कौन-कौन आसयिान (ए. एस.इ.ए. एन.) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?**

(a) 1, 2, 4 और 5
(b) 3, 4, 5 और 6
(c) 1, 3, 4 और 5
(d) 2, 3, 4 और 6

उत्तर: (c)

---

**Q. भारत नम्निलखिति में से कसिका सदस्य है? (2015)**

1. एशयिा - प्रशांत महासागरीय आर्थकि सहयोग
2. दक्षणि-पूर्व एशयिाई देशों का संघ
3. पूर्वी एशयिा शखिर सम्मेलन

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) भारत इनमें से कसिी का भी सदस्य नहीं है

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/10-point-plan-for-india-asean-relations